# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार–पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक 24 : 4 : 2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...6-8...

# विद्यार्थियों को दी खुंब उत्पादन की जानकारी

## डॉ. अनिल बोले- हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य

अमर उजाला ब्यूरो



एचएयू में खुंब उत्पादन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व विशेषज्ञ।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में खुम्ब उत्पादन तकनीक विषय पर दस दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थी भाग लेंगे। इस दौरान पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खुंब का सेवन एक संतुलित आहार है।

इसमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, खनिज, लवण आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है। विशिष्ट अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और यह प्रदेश प्रति वर्ष 20 हजार टन खुंब को उत्पादन कर रहा है। परंतु भारत में विश्व का कुल एक प्रतिशत उत्पादन हो रहा है जबकि चीन विश्व का 70 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन कर रहा है। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. उमेंद्र सांगवान ने काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। पादप रोग वैज्ञानिक व प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि बेरोजगार युवक व युवतियां इसको एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राकेश चुघ ने खुंब की नई प्रजाति कार्डिसैप पर प्रकाश डाला जोकि दवा बनाने में काम आती है जिसकी बाजार में कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो तक है। प्रशिक्षु छात्रा सिमरन कौर ने मंच का संचालन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....7....

# सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में हरियाणा आगे, हर साल तैयार हो रहा 20 हजार टन मशरूम

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य है। यह प्रदेश हर साल 20 हजार टन मशरूम का उत्पादन कर रहा है। मगर भारत में विश्व का कुल एक प्रतिशत उत्पादन हो रहा है, वहीं चीन विश्व का 70 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन कर रहा है।

**दुनिया का 70 फीसदी से ज्यादा मशरूम उत्पादन चीन में हो रहा**

दरअसल, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर दस दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आरंभ हुआ। काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि मशरूम का सेवन एक संतुलित आहार है। इसमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, खनिज, लवण इत्यादि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है।

### बेरोजगारों के लिए अच्छा व्यवसाय बन सकता है मशरूम उत्पादन

कार्यक्रम में पादप रोग वैज्ञानिक व प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि बेरोजगार युवक व युवतियां इसको एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राकेश चुघ ने मशरूम की नई प्रजाति कार्डिसैप पर प्रकाश डाला जोकि दवा बनाने में काम आती है जिसकी बाजार में कीमत एक लाख रूपए प्रति किलो तक है।

प्रशिक्षु छात्रा सिमरन कौर ने मंच का संचालन किया। इस दौरान डीएसडब्ल्यू डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। एडीएसडब्ल्यू डॉ. उमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों को बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम पंजाब केसरी

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 6

# खुम्ब उत्पादन तकनीक विषय पर 10 दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आरम्भ

## विश्व का मात्र एक प्रतिशत खुम्ब का उत्पादन कर रहा भारत, चीन 70 प्रतिशत

हिसार, 23 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज खुम्ब उत्पादन तकनीक विषय पर 10 दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने कहा कि खुम्ब का सेवन एक संतुलित आहार है। इसमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, खनिज, लवण इत्यादि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है।

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने कहा कि हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और यह प्रदेश प्रति वर्ष 20 हजार टन खुम्ब का उत्पादन कर रहा है। भारत में विश्व का कुल एक प्रतिशत उत्पादन हो रहा है जबकि चीन विश्व का 70 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन कर रहा है। बेरोजगार युवक व युवतियां इसको एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ हरि. भूमि ........
दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ....14.... कॉलम ....3-4....

## खुंब उत्पादन पर प्रशिक्षण शुरू

हिसार। हकृवि में आज खुंब उत्पादन तकनीक विषय पर दस दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि खुम्ब का सेवन एक संतुलित आहार है। इसमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, खनिज, लवण इत्यादि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और यह प्रदेश प्रति वर्ष 20 हजार टन खुंब का उत्पादन कर रहा है। परंतु भारत में विश्व का कुल एक प्रतिशत उत्पादन हो रहा है जबकि चीन विश्व का 70 प्रतिशत से यादा उत्पादन कर रहा है। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. उमेद सांगवान ने काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। पादप रोग वैज्ञानिक व प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि बेरोजगार युवक व युवतियां इसको एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राकेश चुघ ने खुंब की नई प्रजाति कार्डिसैप पर प्रकाश डाला जोकि दवा बनाने में काम आती है जिसकी बाजार में कीमत एक लाख रूपये प्रति किलो तक है। प्रशिक्षु छात्रा सिमरन कौर ने मंच का संचालन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 23.4.2019 पृष्ठ सं. ......3...... कॉलम ....8....

## खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आरंभ

हिसार. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज खुम्ब उत्पादन तकनीक विषय पर दस दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि खुम्ब का सेवन एक संतुलित आहार है। इसमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, खनिज, लवण इत्यादि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश सफेद बटन मशरूम के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और यह प्रदेश प्रति वर्ष 20 हजार टन खुम्ब का उत्पादन कर रहा है। परन्तु भारत में विश्व का कुल एक प्रतिशत उत्पादन हो रहा है जबकि चीन विश्व का 70 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन कर रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 23.4.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-6

# छात्राओं ने लिया ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रण



हिसार. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. किरन सिंह ने छात्राओं के समक्ष पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। समन्वयक डॉ. कविता दुआ ने छात्राओं को पृथ्वी को बचाने एवं पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनू सहगल, डॉ. मंजू महता व डॉ. प्रोमिला ने छात्राओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया। छात्राओं ने जगह-जगह पर पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरों में पानी भरकर रखा। उन्होंने गंदगी का पुनर्चक्रण करने और ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रण भी लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...6-7...

# एचएयू में छात्राओं ने किया पौधरोपण



एचएयू में पौधरोपण अभियान के दौरान उपस्थित छात्राएं। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. किरन सिंह ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

समन्वयक डॉ. कविता दुआ ने छात्राओं को पृथ्वी को बचाने एवं पौधरोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनू सहगल, डॉ. मंजू महता, डॉ. प्रोमिला ने छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

छात्राओं ने जगह-जगह पर पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी भर कर रखा। उन्होंने गंदगी का पुनचक्रण करने और ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रण भी लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1-2...

# छात्राओं को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित



एचएयू में विश्व पृथ्वी दिवस पर गमलों में पौधरोपण करती हुईं छात्राएं।

**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग ने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. किरन सिंह ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। समन्वयक डॉ. कविता दुआ ने छात्राओं को पृथ्वी को बचाने एवं वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनू सहगल, डॉ. मंजू महता, डॉ. प्रोमिला ने छात्राओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। छात्राओं ने जगह-जगह पर पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी भर कर रखा। उन्होंने गंदगी का पुनर्चक्रण करने और ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रण भी लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि. भूमि......

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ...13... कॉलम ...2-3...

# पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



हिसार। हकृवि के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. किरन सिंह ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। समन्वयक डॉ. कविता दुआ ने छात्राओं को पृथ्वी को बचाने एवं वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनू सहगल, डॉ. मंजू महता, डॉ. प्रोमिला ने छात्राओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। छात्राओं ने जगह-जगह पर पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी भर कर रखा। उन्होंने गंदगी का पुनर्चक्रण करने और ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रण भी लिया। फोटो: हरिभूमि

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक ट्रिब्यून......

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...5-6...

## हकृवि को मिली कम्बाइन हार्वेस्टिंग टेक्नॉलोजी लैब



हिसार में मंगलवार को कम्बाइन हार्वेस्टिंग टेक्नोलॉजी लैब का अवलोकन करते कुलपति प्रो. केपी सिंह, एला डिस्कोटा व अन्य अधिकारी। -निस

**हिसार (निस) :** जर्मनी के सीएलएएएस (क्लास) ग्रुप के सहयोग से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएचएयू) के एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज के फार्म मशीनरी एंड पावर इंजीनियरिंग विभाग में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कम्बाइन हार्वेस्टिंग टेक्नॉलॉजी लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जर्मनी के सीएलएएएस ग्रुप के सेवा समूह की प्रमुख एला डिस्कोटा भी मौजूद थीं। एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज के डीन डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि इस लैब में कम्बाइन हार्वेस्टर के विभिन्न घटकों का वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर जर्मनी के सीएलएएएस ग्रुप के सेवा समूह की प्रमुख एला डिस्कोटा ने भविष्य में सीएलएएएस द्वारा छात्रवृत्ति, इनप्लांट प्रशिक्षण, व्याख्यान, सेमिनार द्वारा सहयोग को अगले स्तर तक ले जाने का आश्वासन दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ..14.. कॉलम ..7-8..

## हकृवि में यूथ फेस्टिवल आज, तैयारियां पूरी

हिसार। हकृवि में 24 से 26 अप्रैल को स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह इस युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस युवा उत्सव मे हकृवि के कृषि कालेज, हिसार, कौल व बावल सहित कुल छह कालेज तथा लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 400 विद्यार्थी भाग लेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक व ललित कला फाइन आर्टस कौशल को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया इस सम्मेलन में साहित्यिक प्रतियोगिताओं में काव्य पाठ, भाषण, वाद-विवाद, वाग्मिता इलोक्युशन व इक्सटेम्परी जबकि फाइन आर्टस प्रतियोगिताओं मे ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, कोलाज मेकिंग, कले मॉडलिंग, कार्टूनिंग आदि के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि युवा सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी करली गई हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियां बनाई गई है। इस कार्यक्रम की संयोजक सचिव डॉ. संध्या शर्मा, संयुक्त संयोजक सचिव, डॉ. सतीश कश्यप, संयोजक लिटरेरी इवेंटस, डॉ. अपर्णा शर्मा तथा संयोजक फाइन आर्ट्स इवेंटस, डॉ. अरुण भाटिया बनाए गए हैं।

■ तीन दिवसीय युवा उत्सव में हकृवि व लुवास के 400 विद्यार्थी लेंगे भाग

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण, पंजाब केसरी....
दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ....20.... कॉलम ....5....

## हकृवि का इंटर कालेज युवा उत्सव आज से

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि में 24 से 26 अप्रैल को स्वर्ण जयंती इंटर कालेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह इस युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस युवा उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, हिसार, कौल व बावल सहित कुल छह कालेज तथा लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 400 विद्यार्थी भाग लेंगे।

छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक व ललित कला (फाइन आर्ट्स) कौशल को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया इस सम्मेलन में साहित्यिक प्रतियोगिताओं में काव्य पाठ, भाषण, वाद-विवाद, आदि के मुकाबले होंगे।

## स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्साह का आगाज आज से

हिसार, 23 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि में 24 से 26 अप्रैल को स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. के.पी. सिंह करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस युवा उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, हिसार, कौल व बावल सहित कुल 6 कालेज तथा लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 400 विद्यार्थी भाग लेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया ने बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर, दैनिक ट्रिब्यून....

दिनांक 24.4.2019 पृष्ठ सं. ...2, 4... कॉलम ...1, 7-8...

## एचएयू में युवा उत्सव आज से 400 छात्र-छात्राएं लेंगे हिस्सा

**सिटी रिपोर्टर** • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि में 24 से 26 अप्रैल को स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह इस युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। हिसार, कौल और बावल समेत कुल 6 एग्रीकल्चर कॉलेज युवा उत्सव में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 400 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

**TODAY Event**

### यह प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

डीएसडब्ल्यू डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक व ललित कला (फाइन आर्ट्स) कौशल को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया इस सम्मेलन में साहित्यिक प्रतियोगिताओं में काव्य पाठ, भाषण, वाद-विवाद, वागिमता (इलोक्युशन) व इक्सटेम्परी जबकि फाइन आर्ट्स प्रतियोगिताओं में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, कोलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग आदि के मुकाबले होंगे।

## हकृवि में आज से युवा उत्सव की धूम

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि में 24 से 26 अप्रैल तक स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हकृवि के छह कॉलेज और लुवास के करीबन 400 विद्यार्थी भाग लेंगे। युवा उत्सव का शुभारंभ वीसी प्रो. केपी सिंह करेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ छोर......

दिनांक 23.4.2017 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....7-8....

# हकृवि में स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव कल से

हिसार/23 अप्रैल/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कल से 26 अप्रैल तक स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज युवा उत्सव-2019 का आयोजन किया जाएगा. जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस युवा उत्सव में विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज, हिसार, कौल व बावल सहित कुल छह कॉलेज तथा लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 400 विद्यार्थी भाग लेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक व ललित कला (फाइन आर्ट्स) कौशल को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया इस सम्मेलन में साहित्यिक प्रतियोगिताओं में काव्य पाठ, भाषण, वाद-विवाद, इलोक्युशन व इक्सटेम्परी जबकि फाईन आर्ट्स प्रतियोगिताओं में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, कोलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टुनिंग आदि के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि युवा सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम की संयोजक सचिव डॉ. संध्या शर्मा, संयुक्त संयोजक सचिव डॉ. सतीश कश्यप, संयोजक लिटरेरी इवेंट्स डॉ. अपर्णा शर्मा तथा संयोजक फाइन आर्ट्स इवेंट्स डॉ. अरूण भाटियां बनाए गए हैं।